Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7581	22.07.2023	25.07.2023	Samastipur Bihar	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/bihar/samastipur/story-253-new-patients-of-filariasis-found-in-samastipur-8474367.html
Title:	**253 new patients of filariasis found in Samastipur, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Samastipur, SSU- Bihar			

जिले में फालेरिया के 253 नए मरीजों की पहचान की गयी है। इन सभी का फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत पिछले महीने खून का नमूना लिया गया था। जांच में सभी फाइलेरिया पीड़ित निकले। अब इन लोगों का विशेष रूप से इलाज किया जाएगा। विदित हो कि समस्तीपुर नगर निगम सहित जिले के सभी 20 प्रखंडों में दो-दो स्थानों पर शिविर लगा लोगों के खून का नमूना जांच के लिए लिया गया था। जांच के बाद समस्तीपुर नगर निगम सहित 18 प्रखंडों में उक्त 253 नए मरीजों को चिंहित किया गया। जबकि विद्यापतिनगर एवं मोहनपुर प्रखंड में संग्रह किए गए नमूनों की जांच की प्रक्रिया जारी है। डीएमओ डॉ. विजय कुमार ने बताया कि रक्त पट संग्रहण कार्यक्रम के तहत चिंहित किए गए मरीजों के क्षेत्रों में विशेष फोकस करते हुए लोगों को एमडीए कार्यक्रम के तहत दवा खिलायी जाएगी। उन्होंने कहा कि रक्तपट संग्रह कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रखंडों में दो-दो स्थानों पर शिविर लगाया गया था। जिसमें प्रत्येक प्रखंडों में छह-छह सौ लोगों से रात में ब्लड का सैंपल लिया गया था। जिसकी जांच के बाद अब तक ढाई सौ सेअधिक फाईलेरिया पॉजेटिव मरीज मिल चुका है।

रोसड़ा में मिला सर्वाधिक मरीज: इस अभियान के तहत रोसड़ा प्रखंड में चिंहित किए गए क्षेत्रों में सर्वाधिक 36 मरीजों की पहचान की गयी है। रोसड़ा के बैद्यनाथपुर में 17 एवं उदयपुर में 19 मरीज मिला। इसी प्रकार दलसिंहसराय में 27, समस्तीपुर नगर निगम में 22, कल्याणपुर में 19, वारिसनगर व मोरवा प्रखंड में 15-15 मरीज चिंहित किया गया है। इसी प्रकार सिंघिया में 14, बिथान में 13, उजियारपुर में 12, ताजपुर में 11,

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

खानपुर, पटोरी व हसनपुर में 10-10 मरीज पॉजेटिव मिला। जबकि समस्तीपुर में आठ, विभूतिपुर, सरायरंजन व शिवाजीनगर में सात-सात, मोहिउद्दीन नगर में छह तथा सबसे कम पूसा में चार फाईलेरिया के नए मरीज चिंहित किए गए।

10 अगस्त सेचलेगा एमडीए अभियान: फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में एमडीए अभियान 10 अगस्त से चलाया जाएगा। इसके तहत जिले में फाईलेरिया उन्मूलन के लिए लोगों को दवा खिलायी जाएगी। जिस में दो वर्ष से नीचे एवं गंभीर रुप से बीमार व गर्भवति महिलाओं को यह दवा नहीं खिलायी जाएगी। इस अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारी में जुटी है।